गाजियाबाद विकास प्राधिकरण, गाजियाबाद।

पत्रांक : 49 / ~~~ /2020–21 दिनांक 19.1.2021

एकल निविदा आमंत्रण सूचना

उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण की ओर से सपठित उल्लेखित नियम व शर्तो के अन्तर्गत निम्न कार्य की मुहरबन्द निविदाएं कार्य के सम्मुख अंकित दिनांक को आमंत्रित की जाती हैं। निविदा प्रपत्र नवयुग मार्केट स्थित विजया बैंक (बैंक आफ बड़ौदा) एवं प्राधिकरण वैबसाइट से पूर्वान्ह 10:00 बजे से अपरान्ह 2:00 बजे तक कार्य के सम्मुख अंकित अवधि में किसी भी कार्य दिवस में क्रय किये जा सकेंगे। निविदाएं प्राधिकरण कार्यालय स्थित स्वागत कक्ष में रखे निविदा बाक्स में निम्नानुसार निविदा आमंत्रण के दिनांक को अपरान्हः 2:00 बजे तक डाली जा सकती है। प्राप्त सभी निविदाएं उसी दिनांक को ही अपरान्ह 04:00 बजे उपस्थित फर्मो के समक्ष (यदि उपस्थित हों) खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	आरक्षित राशि (रू0 लाख मे)	निविदा मूल्य (रू0 में)	धरोहर राशि (रू0 में)	कार्य की अवधि	अनुभाग का नाम	निविदा विक्रय की अवधि	निविदा आमंत्रण/ खोले जाने की तिथि
1.	प्राधिकरण कार्यालय में प्रयोग की जाने वाली कम्प्यूटर सामग्री की एक वर्ष हेतु आपूर्ति किये जाने के लिए विभिन्न फर्मो का इम्पेनलमेंट किये जाने का कार्य।	10.00	1534.00	50000.00	365 दिन	कम्प्यूटर अनुभाग	25.1.2021 से 3.2.2021	6.02.2021

नियम व शर्ते :–

1– निविदा प्रपत्र प्राधिकरण की वैबसाइट **www.gdaghaziabad.com** पर देखा/डाउनलोड किया जा सकता है। इस प्रकार डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र का उपयोग कर निविदा डालने पर निविदादाता द्वारा निविदा प्रपत्र के साथ निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर (नॉन–रिफण्डेवल) जो कि उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में गाजियाबाद स्थित बैंक शाखा में भुगतान योग्य हो तथा धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 संलग्न किया जाना अनिवार्य है। निविदा मूल्य का बैंक ड्राफ्ट/पे आर्डर तथा धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न न होने की स्थिति में निविदा अस्वीकार कर दी जायेगी।

2– निविदा विक्रय के अंतिम दिवस तथा निविदा आमंत्रण के दिनांक को अवकाश की दशा में निविदा अगले कार्य दिवस को विक्रय/खोली जायेगी।

3– डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्र को स्पायरल बाइण्ड/हार्ड बाउइड करने के पश्चात् ही निविदा हेतु प्रयोग किया जायेगा।

4– वैबसाइट से डाउनलोड कर प्राप्त किये गये निविदा प्रपत्र और बैंक में बिक्री के लिए उपलब्ध निविदा प्रपत्र में यदि कोई भिन्नता हो, तो बैंक में उपलब्ध निविदा प्रपत्र ही मान्य होंगे।

5– निविदा स्वीकृति उपरान्त अनुबंध की औपचारिकतायें दस दिन के अन्दर पूर्ण करनी होगी।

6– धरोहर राशि की एफ0डी0आर0 प्रस्तुत करने के उपरान्त ही बैंक के कैश काउण्टर/कार्यालय से निविदा निर्गत की जायेगी। एफ0डी0आर0 उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पक्ष में बन्धक होगी।

7– निविदा की दरें जी0एस0टी0 रहित होंगी, जी0एस0टी0 का भुगतान नियमानुसार अलग से किया जायेगा।

8– किसी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कोई कारण बताये निरस्त करने का अधिकार उपाध्यक्ष, गाजियाबाद विकास प्राधिकरण के पास सुरक्षित रहेगा।

9– दरें मदवार दी जानी होंगी।

10– दी गयी दरें कार्यादेश जारी होने के उपरान्त एक वर्ष तक मान्य होंगी तथा फर्म द्वारा प्राधिकरण की मांग के अनुसार समय–समय पर उपरोक्त सामग्री उपलब्ध करायी जानी होगी।

11– निविदादाता को सरकारी/अर्द्धसरकारी/प्राईवेट सेक्टर/प्राईवेट में कम्प्यूटर हेतु प्रयोग की जाने वाली सामग्री की आपूर्ति का अनुभव होना चाहिए, जिसके लिए निविदादाता को अनुभव प्रमाण पत्र/आपूर्ति का इन्वाइस बिड के साथ संलग्न करना होगा।

अपर सचिव/वरिष्ठ प्रभारी कम्प्यूटर